# नमामि नर्मदे ट्रस्ट की प्रथम वर्षगांठ पर माहिष्मती घाट पर भव्य 'माहिष्मती महोत्सव' का आयोजन







देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर को माहिष्मती घाट पर 'माहिष्मती महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान घाट पर 21 हजार दीपों से दीपोत्सव मनाया गया और माँ नर्मदा की विशेष महाआरती की गई।

मण्डला।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेश मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम श्रीमति सोनल सिडाम सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### श्री तुलसी शालिग्राम विवाह में शामिल हुईं मंत्री श्रीमती उईके-

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उईके ने माहिष्मती घाट में आयोजित 'श्री तुलसी शालिग्राम विवाह' में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लिया और जिलेवासियों के कल्याण एवं सुख-समृद्धि के लिए माँ नर्मदा से प्रार्थना की।

### 21 हजार दीपों से जगमगाया माहिष्मती घाट-

नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट द्वारा माँ नर्मदा के माहिष्मती घाट पर 21 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इस भव्य दीपोत्सव के दौरान माहिष्मती घाट माँ नर्मदा के अद्भुत दृश्य से आलौकित हुआ। दीपोत्सव में खास तौर पर पंचचौकी महाआरती प्रथम वर्षगांठ, माहिष्मती घाट की आकृति को दीपों से सजाया गया, जिसने एक उत्सवी और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया।

### भव्य चुनरी और कलश यात्रा का हुआ आयोजन

देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में भव्य चुनरी एवं कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। यह यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर शहर के सिविल कोर्ट, एलआईसी से होते हुए माहिष्मती घाट पर समाप्त हुई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और नगरवासी शामिल हुए।

### मां नर्मदा की विशेष महाआरती और दुग्ध अभिषेक-

भव्य दीपोत्सव के साथ ही माँ नर्मदा की विशेष महाआरती की गयी। रुद्राष्टक, स्वस्ति वाचन, नर्मदाष्टक के साथ माँ नर्मदा को आरती समर्पित की गई। कैबिनेट मंत्री श्रीमती उईके, नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत सहित सभी अतिथियों ने मां नर्मदा का दुग्ध अभिषेक किया और पुष्प वर्षा की। महाआरती के पश्चात दीपोत्सव का समापन भव्य आतिशबाजी के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी सीनियर छात्रावास नैनपुर में मनाया गया छात्रावास दिवस



**मण्डला।** एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर की उपस्थिति में आदिवासी सीनियर छात्रावास नैनपुर में छात्रावास दिवस का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसडीएम ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रावास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्र हैं। उन्होंने छात्रावास प्रभारी और कर्मचारियों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक, शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नाजिर महेंद्र उड़कड़े को दी विदाई

**मण्डला।** कलेक्टर कार्यालय में वर्षों तक निष्ठापूर्वक सेवा देने वाले नाजिर श्री महेंद्र उड़कड़े को उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। श्री उड़कड़े 31 अक्टूबर को अपनी शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने श्री उड़कड़े के दीर्घ और सराहनीय कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने श्री महेंद्र उड़कड़े को उनके योगदान के लिए शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ तथा खुशहाल सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। विदाई समारोह में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिन्होंने श्री उड़कड़े को शुभकामनाएं दीं और उनके साथ बिताए पलों को याद किया।

### माह अक्टूबर 2025 में खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन एवं भण्डारण के 13 प्रकरण दर्ज किये गये

**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर माह अक्टूबर 2025 में खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन एवं भण्डारण के 13 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। उक्त प्रकरणों के विरूद्ध म०प्र० खनिज ( अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया गया है। उक्त कार्यवाही सहायक खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

### मतदाता मैपिंग कार्य जारी

**मण्डला।** विधानसभा क्षेत्र 107 मंडला में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीमती सोनल सिडाम एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री हिमांशु भलावी की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में मतदाता मैपिंग (SIR-2025) का कार्य बी.एल.ओ. द्वारा निरंतर रूप से कराया जा रहा है।

इस दौरान अधिकारियों ने मैपिंग की प्रगति की समीक्षा की और बी.एल.ओ. को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धीकरण तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी निर्वाचन की तैयारियों को सुदृढ़ करना और निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।



## बिछिया में सीईओ जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**मण्डला।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना द्वारा शनिवार को जनपद पंचायत बिछिया अंतर्गत निर्माणाधीन पंचायत भवन एवं आंगनवाड़ी भवनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री मीना ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा प्रत्येक कार्य का नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा सुनिश्चित की जाए। सीईओ श्री मीना ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि पूर्ण हो चुके भवनों का शीघ्र उपयोग प्रारंभ किया जाए ताकि स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों को सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ, संबंधित अधिकारीगण एवं इंजीनियर उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों व डायल–112 एफआरवी पायलटों को सीपीआर व बीएलएस का प्रशिक्षण





मण्डला।

पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा के निर्देशन में पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग मंडला की संयुक्त टीम के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम, मंडला में पुलिस कर्मियों व डायल-112 एफआरवी पायलटों/वाहन चालकों को बीएलएस (Basic Life Support) एवं सीपीआर (Cardio Pulmonary Resuscitation) का प्रशिक्षण दिया गया।

जिला अस्पताल के डॉ. प्रवीण उईके के द्वारा प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में घायल/अचेत व्यक्ति को प्राथमिक जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने संबंधी उपयोगी तकनीकें सिखाई गईं। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को मौके पर तुरंत राहत प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना है।

प्रशिक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा द्वारा एफआरवी पायलटों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें ड्यूटी के दौरान बॉडी वॉर्न कैमरा अवश्य धारण करें। आवश्यकतानुसार पी.ए. सिस्टम का प्रभावी उपयोग करें। आम नागरिकों से शिष्ट एवं संवेदनशील व्यवहार रखें।एफआरवी वाहनों में उपलब्ध आपातकालीन उपकरण एवं स्ट्रेचर का उपयोग समझें और तैयार रहें। पेट्रोलिंग पॉइंट्स के बीच नियमित मूवमेंट बनाए रखें।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी (रेडियो) निरीक्षक के.जी. जगाती, डायल-112 प्रभारी सहायक उप निरीक्षक (रेडियो) घनश्याम पुसाम एवं जिला सुपरवाइजर डायल-112 लोकेश , एफआरवी पायलटों अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंडला पुलिस द्वारा "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



### गुमशुदा बच्चों की सुरक्षित दस्तयाबी व बाल सुरक्षा के संबंध में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

मण्डला।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में संचालित प्रदेशव्यापी "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत गुम हुए अवयस्क बालक/बालिकाओं की शीघ्र एवं सकुशल दस्तयाबी हेतु निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 1 नवम्बर 2025 को मंडला जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

थाना मंडला द्वारा रपटा घाट में महिलाओं को ऑपरेशन मुस्कान, बच्चों के अधिकार, बाल सुरक्षा, बाल अपराधों से बचाव तथा साइबर अपराध के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

इसी क्रम में थाना मोहगाँव द्वारा ग्राम सिंगापुर सिमैया में आयोजित ग्यारस मेले के दौरान विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए बालक-बालिकाओं तथा ग्रामीणजनों को नाबालिक बच्चों के गुम होने से बचाव एवं सतर्कता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। थाना बीजाडांडी में हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को विशेष अभियान मुस्कान के अंतर्गत बालक-बालिकाओं के साथ होने वाली संभावित घटनाओं, उनकी रोकथाम, सतर्कता एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की गई।



## जनसभा को लेकर आम आदमी पार्टी की बैठक सम्पन्न, लिए निर्णय

मण्डला।

आम आदमी पार्टी के द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जनसभाओं की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत नारायणगंज की ग्राम पंचायत तिंदनी के ग्राम मंदिर टोला में बैठक का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी मंडला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि गांव पहुंचने वाला रास्ता आजादी के इतने वर्षों के बाद भी नहीं बन पाया है। गांव वालों का कहना है कि कांग्रेस और बीजेपी वाले केवल वोट लेने आते हैं और चुनाव के पश्चात आज लगभग 3 वर्ष बाद तक उनका दोबारा कोई पता नहीं चला। अनेक ज्ञापन ,आवेदन जिला कलेक्टर सहित स्थानीय प्रशासन को देने के पश्चात भी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए जो एम्बुलेंस आती है वह केवल चमरवाह तक आती है उसके आगे आने से ड्राइवर मना करता है कहता है मरीज को ले आइए। इतने साल के सांसद और मध्यप्रदेश की कैबिनेट मंत्री होने के बाद भी लोगो को सुविधाएं नही मिल पाई है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज सोनी का कहना है कि वे ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन को लेकर सीईओ जिला पंचायत से मुलाकात करेंगे और संतोषजनक जवाब न मिलने पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन शासन की होगी। पार्टी की ओर से कार्यकारी जिला सचिव अशोक पांडे कार्यकारी विधानसभा प्रभारी शिशु सिंधु भलावी एवं दुर्गेश उईके सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## द ग्रेट खली ने किया आशुतोष का सम्मान

मण्डला।

अंतरराष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी आशुतोष जायसवाल का एक बार फिर सम्मान हुआ है यह सम्मान द ग्रेट खली ने किया है। बीते दिनों द ग्रेट खली का मंडला आगमन हुआ था कार्यक्रम के दौरान द ग्रेट खली ने आशुतोष जायसवाल को मेडल पहनाकर वुशू खेल के लिए सम्मानित किया है। बता दें कि आशुतोष को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मध्यप्रदेश राज्यपाल मंगू भाई पटेल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र प्रसाद एवं छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, एनएसजी कमांडो 26- 11 के हीरो सुरेंद्र सिंह, मंडला प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, मंडला पूर्व कलेक्टर श्रीमती सलोनी सिडाना, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके द्वारा पुरस्कृत वुशु मार्शल आर्ट एवं शतरंज में गोल्ड मेडलिस्ट आशुतोष जायसवाल का सम्मान किया है। इस दौरान द ग्रेट खली ने आशुतोष का हाथ जोडक़र अभिवादन भी किया। विदित है कि 29 अक्टूबर को द ग्रेट खली का नगर आगमन हुआ उनके आगमन को लेकर सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार अजेय मंडला और सहयोगी संस्था श्री श्याम मंदिर अग्रसेन ट्रस्ट सिलगी बम्हनी बंजर काफी समय से तैयारी कर रही थी। कार्यक्रम स्थल में 29 अक्टूबर को सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित पीड़ितों के लिए निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां पर रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं युवा शक्ति संगम कार्यक्रम के अंतर्गत महापुरुषों की जीवनी पर प्रदर्शनी स्थल पर लगाई गई और युवाओं को महापुरुषों के बारे में अवगत कराया गया। जबलपुर एयरपोर्ट में द खली का भव्य स्वागत किया गया यहां पर सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, विकास जायसवाल एवं अंतर्राष्ट्रीय बॉडीबिल्डर ब्रजेन्द्र सिंह, ज्योतिष सचिन स्वामी, शेरा सिंह, किशोर रजक, सुश्री अंजली जायसवाल, श्रीमति ज्योति जायसवाल ने खली साहब का स्वागत किया और से वे युवा संगम कार्यक्रम में शिरकत करने मंडला आए हुए थे।

इस सच्चाई को देखते हुये क्या की जा सकती है लम्बी उम्र की कामना...?

# करोड़ो की लागत से चंद साल पहले बना हुआ पुल टूटते हुये बता रहा अपने निर्माण के गुणवत्ता की कहानी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा







इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिये सरकारों द्वारा हर वर्ष सड़क निर्माण से लेकर पुल निर्माण कराने के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च करने से नही चूकती है। मगर उन निर्माण कार्यो के दौरान निर्माण कार्यो की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के जिन अधिकारियों को सौपी जाती है उनके द्वारा की जाने वाली अनदेखी कही जावे या फिर मिली भगत की देन का परिणाम जिसके चलते वह निर्माण कार्य पूरे चंद वर्ष भी नही चल पाता है और निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताते हुये दिखाई देने लगते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत गाडरवारा से ग्राम सुदरास गांगई से एनटीपीसी की ओर जाने वाले मार्ग पर सीतारेवा नदी के ऊपर करोड़ो रूपया की लागत से बने हुये उच्च स्तरीय पुल में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस पुल के लोकापर्ण को कुछ साल का ही समय निकल पाया है और पुल पर जहां तहां से निकल रही दरारो के बीच दिखाई रही लोहे की राडे खुद की अपनी गुणवत्ता की कहानी को उजागर करते हुये जान पड़ रही है...? क्षेत्र विकास की सोच रखते हुये किये गये प्रयासों के परिणामों के चलते एनटीपीसी सहित क्षेत्र के गांवों को आसानी से पहुंचने के लिये गाडरवारा से सुदरास गांगई होते हुये एनटीपीसी मार्ग सीतारेवा नदी पर उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति प्रदान कराते हुये क्षेत्र के लोगों को एक बड़ी सौगात प्रदान की गई थी। इस तरह एनटीपीसी की ओर जाने वाले इस मार्ग पर पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर 3482.10 लाख रूपया की लागत से 390 मीटर लम्बे व 12 मीटर चौड़ाई वाले पुल का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर एजेन्सी की देख रेख मैं रायल इन्फराकान्सट लिमिटेड द्वारा किया था। इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में इस पुल का लोकापर्ण हुये मात्र सात साला का समय ही बीता है। मगर इस पुल की स्थिति जिस प्रकार से देखने मिल रही है वह निश्चित ही पुल निर्माण कार्य में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को खुद ही उजागर करने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि पुल के ऊपर बनाई गई पैदल चलने वाली पट्टी पापड़ की तरह टूटते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर पुल के बीचों बीच जिस प्रकार से घास की हरियाली फैलने के कारण यह पुल कम और पशुओं की चरोहर भूमि प्रतीत होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर पुल व सड़क को जोड़ने वाले स्थल से जिस प्रकार से लोहे की राड़े निकलते हुये दिखाई पड़ रही है वह जहां निर्माण कार्य में अपनाई गई अफलतबाजी की कहानी को उजागर करने के साथ साथ लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूक पा रही है...? वही दूसरी ओर पुल के बीचों बीच अनेक जगहों पर निकलती हुई दरारों के आलवा दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल के निर्माण कार्य के दौरान देख रेख करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है...? इस प्रकार से करोड़ो की लागत से बने हुये इस पुल पर जहां तहां से निकल रही लोहे की राडो के आलवा पड़ रही दरारे व दांत दिखाती हुई गिट्टी पुल को पास करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बनाने से नही चूक पा रही है? क्योंकि चंद सालों के अंदर ही पुल जहां तहां से टूटते हुये नजर आना सबालों को जन्म देने से नही चूक पा रहा है। गौर किया जावे तो यह सच्चाई इस बात का अंदेशा प्रकट करने से नही चूक पा रही है कि निश्चित ही इस पुल की उम्र शायद ज्यादा लम्बी नही हो पायेगी..? यह बात अलग है कि निर्माण कार्य एक निजी कंपनी द्वारा किया गया है। मगर जब शासन की राशि के माध्यम से कोई निर्माण कार्य किसी निजी कंपनी द्वारा किया जाता है तो उसकी देख रेख शासन के अधीन रहने वाले विभाग के अधिकारियों द्वारा ही की जाती है और निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में जब तक संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे पास नही किया जाता है जब तक उस निर्माण कार्य को पूर्ण नही माना जाता है। इसी प्रकार से इस पुल को भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पास किया गया होगा तभी तो इसका लोकापर्ण हुआ होगा? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस प्रकार से लोकापर्ण को अभी पूरे सात साल का समय भी नही बीत पाया है और इस पुल की जो स्थिति निर्मित होते हुये देखी जा रही है उसका जिम्मेदार कौन माना जावेगा? क्योंकि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा तो निर्माण कार्य करते हुये इस पुल को शासन के लिये सौप दिया गया और शासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा इसे पास किया गया होगा जब पुल में अभी से इस प्रकार से लोहे की राडे निकलने के साथ साथ पड़ रही दरारों के आलवा निकल रही गिट्टी निश्चित ही इस पुल को पास करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर अनेक प्रकार के सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है? आमजन का मानना है कि यदि इस पुल के निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता की निष्ठा के साथ जांच हो जाती है तो निश्चित चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही चूक पायेगी?

## माँ नर्मदाजी की चौथे दिवस कथा सुनने से मानव जीवन की नैया हो जाती है पार - वीरेन्द्र शास्त्री



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हमारे धर्मग्रंथों में इस बात का उल्लेख है कि धर्म की रक्षा करने के लिये कलयुग काल में इस मानव लोक में माँ नर्मदाजी व हनुमानजी मौजूद रहते हुये भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करेगी। वही दूसरी ओर धर्म के रास्ते से बिछड़ने वालों को सही मार्ग पर लाने के लिये संकटो से मुक्ति दिलायेगे। इसी का परिणाम है कि माँ नर्मदाजी की कथा पुराण सुनने से मानव जीवन की नैया पार लग जाती है। यह उदगार समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव स्थित साईधाम मंदिर समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय माँ नर्मदा पुराण के दौरान कथा व्यास वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा व्यक्त किये गये। कथा के चतुर्थ दिवस कहां कि प्रकृति हमे बार-बार संदेश दे रही हैं कि बहुत भयावह समय आ रहा है।। इसलिय भजन में लग जाओं। यह हम नहीं सभी पूजनीय संत महात्मा कह रहे है।कि आने बाला समय बहुत खराब है। ।इसलिए भगवान का भजन जितना ज्यादा हो सके अभी से करना चालू कर दों। मां नर्मदा के घाटों का बड़ा ही सुंदर बर्णन किया सभी श्रोता कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हो गयें। कथा व्यास शास्त्री ने बताया कि स्कंद पुराण के रेवा खंड में, सूत ऋषि ने ऋषियों की एक सभा में बताया कि महर्षि मार्कण्डेय से नर्मदा नदी के उद्गम के बारे में पूछे गए प्रश्न के बारे में बताया। कई साधु-संतों और ब्राह्मणों ने राजा पुरुरवा से स्वर्ग से एक पवित्र नदी अवतरित करने का अनुरोध किया ताकि मनुष्यों द्वारा देवताओं और पितरों के लिए किए जाने वाले विभिन्न धार्मिक कार्य सुगमता से संपन्न हो सकें। राजा ने परम शिव की अथक तपस्या की गई जिन्होंने बदले में नर्मदा देवी को अवतरित होने के लिए कहा गया। वह ऐसा करने के लिए एक मजबूत आधार की इच्छा रखती थी और शिव ने विंध्य के पुत्र पर्यंक को इसका भार सहन करने के लिए कहा। जैसे ही नर्मदा नीचे उतरीं तो पानी का सैलाब आ गया और देवताओं ने उनसे अपना आकार छोटा करने का अनुरोध किया और पुरुरवा को अपने पूर्वजों के लिए तर्पण करने के अनुष्ठानों का विवरण सिखाया, जिसका पालन उसके बाद की पीढ़ियों ने किया। लेकिन माँ नर्मदा एक कुंवारी थीं उन्होंने देवताओं को अपना दिव्य स्पर्श नहीं करने दिया और इसलिए राजा पुरुकुत्सु से विवाह करने के लिए सहमत हो गईं, जो वास्तव में समुद्र देव थे। लेकिन ब्रह्मा द्वारा मनुष्य बनने के लिए शापित थे। क्योंकि राजा पुरुकुत्सु ने भी नर्मदा से अपने पूर्वजों को मुक्ति दिलाने के अनुष्ठानों के बारे में सीखा था। यह कहा जाता है कि विंध्य पर्वत और चोटियों को चीरते हुए अपने मार्ग के विभिन्न बिंदुओं पर नर्मदा जी के पवित्र स्नान वर्तमान और पिछले जन्मों में किए गए पापों का तुरंत नाश कर देते हैं। नदी के उत्तरी किनारे पर अनंतपुर स्थित है जहाँ अनंतसिद्धि लिंग प्रसिद्ध है और कहा जाता है कि यह सावर्णि, कौशिक और अघमर्षण जैसे महर्षियों का व्रत और तप का केंद्र था। ऐसा कहा जाता है कि ऋषि वाल्मीकि ने भी मोक्ष प्राप्ति तक लंबे समय तक यहाँ निवास किया था। माँ नर्मदा- वरांगना संगम शारीरिक रोगों को धोने के लिए लोकप्रिय है और संगम के पास शिव क्षेत्र स्थित है जहाँ सूर्य ग्रहण के दौरान स्नान और दान के अनुष्ठान कुरुक्षेत्र के समान प्रभाव प्रदान करते हैं।

# एनटीपीसी में किया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। एनटीपीसी गाडरवारा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन बीते हुये 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर संस्था ने कार्य और जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के प्रति अपने दृढ़ संकल्प को पुनः दोहराया गया। वही सप्ताह की शुरुआत श्याम कुमार परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा 27 अक्टूबर को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाकर की गई, जिससे कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। उपस्थित कर्मचारियों ने अपने वास्तविक जीवन में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी निभाने से संबंधित अपने महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा किया गया। इस वर्ष की थीम "सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी" रही, जो समाज और संगठन दोनों स्तरों पर ईमानदारी एवं पारदर्शिता को प्रोत्साहित करने में सामूहिक भूमिका के महत्व को रेखांकित करती है। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के अंतर्गत सतर्कता विभाग द्वारा अनेक ज्ञान वर्धक एवं सहभागिता-आधारित प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें सतर्कता क्विज़, निबंध लेखन प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में एनटीपीसी कर्मचारियों के साथ-साथ टाउनशिप निवासियों ने भी सक्रिय भागीदारी की गई। वही टाउनशिप की महिलाओं के लिए विशेष सतर्कता जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिसके पश्चात एनटीपीसी कर्मचारियों के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को रचनात्मक रूप से बढ़ावा देना था। वही सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें परियोजना प्रमुख श्याम कुमार के नेतृत्व में सतर्कता और एकता के संदेशयुक्त नारे लगाते हुए कॉलोनी परिसर का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मियों और टाउनशिप की महिलाओं द्वारा मानव श्रृंखला (**Human Chain**) बनाकर एकता और सत्यनिष्ठा का प्रतीकात्मक प्रदर्शन भी किया गया।कार्यक्रम की पहुँच को विस्तृत बनाते हुए एनटीपीसी सतर्कता विभाग ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सतर्कता जागरूकता का संदेश पहुँचाया। ग्राम रायपुर और घाट पिपरिया गाँवों के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जहाँ पर संतोष कुमार गुप्ता अपर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रेरणादायक विचार साझा किये गये।

## देव उठनी ग्यारस के अवसर पर बडे ही धूमधाम के साथ निकाली गई शालिग्राम की बारात






हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। देव उठनी ग्यारस को लेकर बताया जाता है कि इस दिवस माता तुलसी व भगवान शानिग्राम जी का विवाह संपन्न होता है। इसी के चलते इस दिवस से विवाहिक कार्यक्रमों के साथ साथ अन्य प्रकार कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाती है। इस तरह लोग अपने अपने घरों में माँ तुलसी सहित शालिग्राम जी का विवाद का आयोजन करते हुये इस पर्व को मनाते है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को नगर में भगवान शालिग्राम जी व माता तुलसी जी की विवाह बडे ही धूमधाम के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर नगर के खप्पर वाले मंदिर से शालिग्राम जी की भव्य बारात निकाली गई जो झंडाचौक, मन्नत काम्लेक्स मार्ग से होते हुये यादव मुहल्ला से निकलकर राधा कृष्ण मंदिर पहुंची जहां पर माता तुलसी जी व शालिग्राम जी का विवाह पूर्ण विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस तरह नगर में निकाली गई शालिग्राम जी की बारात के दौरान महिला वर्ग में एक अनोखा उत्साह दिखाई दे रहा था और वह नृत्य करने के साथ मनोहर गीत गाते हुये इस बारात में शामिल होकर चलते हुये देखी गई।

# नगर के महाविद्यालय में आयोजित हुआ सेमीनार में बीले वक्ता, चरित्र निर्माण और गुरु-शिष्य के संबंध आज भी



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। शासकीय महाविद्यालय, सांईखेड़ा,में भारतीय परंपरागत शिक्षण पद्धति की वर्तमान समय में उपादेयता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेबीनार का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के महत्व और आधुनिक शिक्षा में इसके समावेश पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे।

शिक्षाविदों ने बताया भारतीय शिक्षण का महत्व कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता यादव ने की गई। वही मुख्य अतिथि एवं बीज वक्ता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, बनारस के प्रोफेसर संजय रहे, जिन्होंने विषय के विविध संदर्भों का गहन वर्णन किया। प्रो. संजय ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया कि भारतीय शिक्षण पद्धति का मूल उद्देश्य चरित्र-निर्माण और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा है, जिनकी उपयोगिता वर्तमान शिक्षण सिद्धांतों में भी अपरिहार्य है। उन्होंने शास्त्रार्थ की अध्ययन पद्धति को वर्णित करते हुए उसे आज के संदर्भ में तर्क और ज्ञान के विकास के लिए प्रासंगिक बताया। गुरु-शिष्य संबंध और सर्वांगीण विकास पर विशिष्ट वक्ता के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रावती निराला ने पावर पॉइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला। वही डॉ. निराला ने भारतीय शिक्षा के स्वरूप और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि भारतीय शिक्षा की सबसे बड़ी विशेषता गुरु-शिष्य संबंध रहे हैं। उनके अनुसार, गुरुकुल परंपरा में स्थापित यह संबंध छात्रों के मानसिक तथा दैहिक बलों को विकसित करने का कार्य करते थे। उन्होंने विद्यार्थियों से लघु-प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संवाद स्थापित किया और प्राचीन भारत के विविध शिक्षक केन्द्रों (जैसे तक्षशिला, नालंदा) का भी वर्णन किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. संगीता यादव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय शिक्षण पद्धति की ऐतिहासिक तथा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि को अपने वक्तव्य का केंद्र बनाया। इस दौरान उन्होंने इन तत्वों की वर्तमान समय में उपयोगिता पर ज़ोर देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में भी इन प्राचीन मूल्यों को समाहित करने की आवश्यकता है। छात्रा कु. खुशबू सिंह ने भी विषय की महत्ता पर अपने विचार रखे।

## देव उठनी ग्यारस पर दीपों से जगमग हुआ माँ नर्मदाजी का पावन तट ककरा घाट



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। यह बडे ही सौभाग्य की बात है कि जिस तरह हम लोगों ने माँ नर्मदाजी के किनारे जन्म लिया है जिसके चलते आज तक जहां हमारे क्षेत्र पर आज तक इतनी बड़ी कोई विपत्ति नही आई है और हर संकटों से माँ नर्मदा सदा ही रक्षा करते हुये देखी जाती है। इसी के चलते जहां अनेक संतों द्वारा जहां माँ नर्मदाजी की परिक्रमा करने नही चूकते है तो दूसरी ओर हमारे क्षेत्र में नर्मदा किनारे इस प्रकार अनेक संतों का निवास है जो हमे माँ नर्मदाजी की लीलाओं का वर्णन सुनाने से नही चूकते है। इसी का परिणाम है कि कोई भी धार्मिक त्यौहार आता है तो माँ नर्मदाजी के तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने से नह चूकती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस देव उठनी ग्यारस के पावन अवसर पर माँ नर्मदाजी की तट ककराघाट गुरूजी महाराज के द्वारा माँ नर्मदा मैया के आर्शीवाद से बीते हुये हर साल के अनुसार इस वर्ष भी माँ नर्मदा जी के तट पर असंख्य दीपों को प्रज्जवलित करते हुये संपूर्ण घाट को जगमग कर दिया गया था जिसके चलते जहां माँ नर्मदाजी की दीपो से जगमग होने से अनोखी छटा देखने मिल रही थी। इस मौके पर ग्राम भटेरा, टमरावन, खकरिया, पलोहा गाडरवारा सहित आसपास के गांवों से पहुंचे हुये सैकड़ो भक्तगण मौजूद थें।

# निः शुल्क उपचार शिविर का मिला 127 मरीजों को लाभ, मुप्त दबाईयों का किया वितरण




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मानव सेवा समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये हर माह के पहले रविवार को साई सेवा केन्द्र साईधाम मंदिर कान्हरगांव में निःशुल्क उपचार शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में आने वाले मरीजों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये कागज के पैकिटों या फिर कपड़े की थैंली में निःशुल्क रूप से दबाइयों का वितरण किया जाता है। इसी प्रकार से नवम्बर माह के प्रथम रविवार को आयोजित किये गये 75 वें निः शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में 3 शहरों एंव 22 गावों के लगभग 127 मरीजों ने ने कान्हरगांव पहुंचकर अपना उपचार करवाया। इन मरीजों का महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर स्वाती कुरचानिया के आलवा डाक्टर मनीष महोबिया, डाक्टर अरूण दोहरे, डाक्टर दुर्गेश पटेल, डाक्टर करूणा मालवीय, डाक्टर निकेत पटेल व सहयोगी राहुल गिरी गोस्वामी, नीलेश कुशवाहा,आकाश रजक, प्रशांत सोनी सहित मानव सेवा समिति कान्हरगांव के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान कि।

# राष्ट्रीय एकता एवं मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस - 31 अक्टूबर) और मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस (1 नवंबर) के उपलक्ष्य में। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय सांईखेड़ा में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता और प्रदेश के गौरवशाली इतिहास को याद किया। एकता के सूत्रधार सरदार पटेल को किया गया नमन किया। बताया जाता है कि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता यादव ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से 560 से अधिक देशी रियासतों को भारतीय संघ में विलय कर एक अखंड भारत की नींव रखी। डॉ. यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सरदार पटेल के एकता के संदेश को आत्मसात करना चाहिए और एकजुट होकर अपने व्यक्तिगत और राष्ट्र के विकास के लिए प्रयास करना चाहिए। रियासतों के विलय पर विशेष व्याख्यान दिया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, डॉ. कौशल कुमार मिश्रा ने सरदार पटेल द्वारा रियासतों के विलय में अपनाई गई रणनीतियों का विस्तार से वर्णन किया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि लौह पुरुष ने किस प्रकार विभिन्न रियासतों को भारत में शामिल करने के लिए अलग-अलग कूटनीतिक और सैन्य तरीके अपनाए। उन्होंने बताया कि जूनागढ़ में जनमत संग्रह (मतदान) के माध्यम से विलय सुनिश्चित किया गया। वहीं हैदराबाद को भारत में मिलाने के लिए उन्होंने आवश्यकतानुसार सैनिक कार्रवाई का सहारा लिया। डॉ. मिश्रा ने सरदार पटेल को आधुनिक भारत का वास्तविक शिल्पकार बताते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। मप्र की गौरवशाली यात्रा का भी स्मरण कराते हुये प्राचार्य डॉ. संगीता यादव ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भी अपने विचार रखे और राज्य के गठन के महत्व पर बात करते हुये उन्होंने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रदेश के विकास में योगदान देने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफे. घन श्यामदास कौरव, डॉ. डी के शुक्ला, डॉ. सीपी राठौर, डॉ. बीएन मिश्र, डॉ. संदीप दीक्षित, महेंद्र शुक्ला, श्रीमती शशिलता नीखरा, बीके जाटव, पुष्पेंद्र पटेल, मनमोहन मालवीय, सुरेंद्र सिंह मिर्धा, बृजेश मिर्धा, राहुल साहू, ओमप्रकाश रजक और श्रीमती लता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## स्कूली छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा और पास्को एक्ट की जानकारियों से अवगत करायाग गया



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्कूली बच्चों को अपराध के प्रति जागरूक करने की सोच के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ डोंगरगांव थाना प्रभारी रोहित काकड़िया व एस आई राहुल सोनकर सहित कल्याणपुर पुलिस चौकी प्रभारी आकाश तिवारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक में कल्याणपुर में पहुंचकर स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्रदान करते हुये जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होने छात्राओं को मोबाइल से छोटे-छोटे अपराध, अश्लील वीडियो मैसेज या टिप्पणियां ऑनलाइन लिंक ना खोलने की सलाह देते हुये साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, वूमेन हेल्पलाइन नंबर 1091, पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 100 के स्थान पर 112 होने की जानकारी साझा की गई। इस अवसर परप्राचार्य ओमप्र काश कौरव ने कहा कि छात्र भय , अवसाद में न आए। बिना माता पिता को बताये कही नहीं जावे। जब भी घूमे समूह में घूमे। वही क्योंकि किशोर छात्र छात्राएं जल्दी गुमराह होते हैं एवं निर्णय लेने की क्षमता के अभाव में गलत विचारों, गलत लोगों , गलत संगतिके जाल के फस जाते हैं। इस तरह वर्तमान में जिस तरह की अपराधिक घटनाये देखने मिल रही है वह निश्चित चिंता जनक होने के साथ उनकी गिरप्त में किशोर फंसते हुये देखी जा रही है। इस तरह वर्तमान परिस्थिति में जागरूक रहना चाहिए।















## खबर संक्षेप

### जिला परिवार कल्याण अधिकारी ने की स्वास्थ्य सेवाओ की समीक्षा

**उमरिया।** जिला क्रियान्वयन इकाई में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ एस बी चौधरी द्वारा शहरी क्षेत्र उमरिया मे कार्यरत ए एन एम द्वारा शहरी क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की मासिक समीक्षा की । इस दौरान उन्होने गर्भवती महिलाओं की जाँच, उपचार, तथा संस्थागत प्रसव,उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओ का शीघ्र चिन्हांकन तथा समुचित उपचार के लिए जिला चिकत्सालय में सही समय पर रेफेरल,प्रसव उपरांत उनके जेएसवाई अथवा पीएसवाय का भुगतान,प्रसव उपरांत गृह आधारित नवजात तथा प्रसूतिका की जाँच तथा समुचित उपचार के साथ ही अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे मलेरिया,कुष्ठ, फायलेरया, सिकल सेल, आयुष्मान कार्ड, लगैर संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की।बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री दसन पेंड्राम तथा शहरी सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### शासकीय रणविजय प्रताप सिंह उमरिया में कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** शासकीय महाविद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं अपार आईडी एवं स्वयं पोर्टल से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर कार्यशाला संपन्न हुई।इस अवसर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के तहत छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020 में अध्यादेश 14(1)जो कि 2025-26 से लागू होने वाली नीति पर विस्तार पूर्वक प्रोफेसर ऋषि राज पुरवार के द्वारा जानकारी प्रदान की गई । उन्होने कहा कि इस दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान भी कार्यशाला में करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विस्तार पूर्वक समझने और जानने का प्रयास करें। इसी क्रम में डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कैसे किया जा सकता है स्वयं पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के द्वारा हम क्रेडिट कैसे अर्जित कर सकते हैं विभिन्न विषयों के वीडियो को कैसे देख सकते हैं इन्हीं सभी विषयों को दृष्टिगत रखते हुए तथा अपार आईडी की जानकारी भी विस्तार पूर्वक बताई गई । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे डॉ रमेश प्रसाद कोल, डॉ.श्रद्धा मित्तल, डॉ.रश्मि रानी पटेल, डॉ.प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ.सतीश वर्मा उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को सफलता के लिए सोशल मीडिया से दूरी जरूरी

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कोशिश सेवा समिति कोतमा-कालरी द्वारा बाल शिक्षा निकेतन उत्तर माध्यमिक विद्यालय में किशोर बालक-बालिकाओं हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य विषय रहे मेंटल हेल्थ, सोशल मीडिया का उपयोग-दुरुपयोग एवं साइबर सुरक्षा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव ने की और इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# अवैध शराब के छोटे विक्रेताओं पर कार्रवाई, बड़े माफिया सुरक्षित, अवैध शराब पर उठे सवाल..?








**डिंडौरी ।**

जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के दावे एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। कलेक्टर के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में शनिवार 1 नवंबर को आबकारी विभाग की टीम ने डिंडौरी और शहपुरा क्षेत्र में दबिश देकर कुछ मात्रा में अवैध शराब जब्त की और चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, लेकिन लोगों का कहना है कि ऐसी कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

आरोप है कि आबकारी विभाग द्वारा समय-समय पर छापेमारी की जाती है, परंतु बड़े शराब कारोबारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। विभाग सिर्फ छोटे विक्रेताओं को पकड़कर कागजी कार्यवाही पूरी कर अपनी पीठ थपथपाता है। वहीं गांवों और हाट-बाजारों में खुलेआम शराब की बिक्री जारी है।

जानकारी के अनुसार, कार्रवाई के दौरान डिंडौरी के वार्ड क्रमांक 3 और शहपुरा में कुछ लोगों के पास से देशी-विदेशी शराब जब्त की गई, लेकिन शराब के अवैध परिवहन और बड़े नेटवर्क पर कोई रोक नहीं लग पाई है। लगातार शिकायतों के बावजूद अवैध शराब का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा। जिला मुख्यालय से लेकर गांव गांव और मड़ई-मेला सीजन में शराब की खुलेआम बिक्री होती है और विभाग केवल दिखावटी छापेमारी तक सीमित है। पुलिस और आबकारी विभाग के बीच समन्वय की कमी भी इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि आबकारी विभाग नियमित रूप से निगरानी बढ़ाए और शराब माफिया पर कड़ी कार्रवाई करे, ताकि गांवों में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

## करंजिया पुलिस ने हत्या के आरोपी पति को किया गिरफ्तार



**डिंडौरी ।**

थाना करंजिया अंतर्गत ग्राम छपरापारा में 32 वर्षीय महिला की उसके घर में हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना 31 अक्टूबर 2025 को प्राप्त होते ही करंजिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुँचकर जांच प्रारंभ की गई। घटनास्थल पर मृतका राखी रौतेल (उम्र 32 वर्ष) का शव घर के अंदर खटिया पर मिला। मृतका के सिर के बाईं ओर गंभीर चोट एवं घुटनों के नीचे खरोंच के निशान पाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डिंडौरी श्रीमती वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं एसडीओपी बजाग श्री विवेक गौतम ने मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया तथा घटना स्थल का वीडियोग्राफी कराया। जांच के दौरान मृतका की पुत्री एवं ग्रामीणों से पूछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर मृतका के पति संजय रौतिया पिता इत्तू रौतिया (उम्र 34 वर्ष), निवासी छपरापारा थाना करंजिया को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद के दौरान लकड़ी से हमला कर पत्नी की हत्या की। पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी (हथियार) बरामद कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकरण के त्वरित एवं सफल अन्वेषण में एसडीओपी बजाग विवेक गौतम, थाना प्रभारी करंजिया निरीक्षक नरेन्द्र पाल, उप निरीक्षक शारदा प्रसाद बनोटे, सउनि दादूलाल मरावी, प्रआर. दिगम्बर उइके, प्रआर. माखन सिंह, प्रआर. जगन सिंह मार्को, आर. सतेन्द्र उइके, आर. प्रहलाद तथा आर. मुकेश उइके की सराहनीय भूमिका रही।

# हत्या या हादसा? दूसरे के घर में मिली महिला की लाश, 15 दिन बाद भी नहीं मिली रिपोर्ट

**डिंडौरी ।**

समनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झांखी में 16 अक्टूबर की सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतका विद्यावती पति लोक सिंह परस्ते का शव गांव की ही चंदा बाई पति बहादुर सिंह के घर में मिला था। परिजनों ने महिला की हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए थे। बताया गया कि मृतका के गले और मस्तिष्क में चोट के निशान थे, वहीं कान से खून बहने के निशान भी देखे गए। परिजनों का कहना है कि महिला की नाक की नथिया गायब थी और हाथों में चूड़ियां भी नहीं थीं। घटना स्थल की जमीन को पानी से साफ किया गया था जिससे साक्ष्य मिटाने की कोशिश का संदेह और गहरा गया है।

परिजनों ने समनापुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना की जानकारी 16 अक्टूबर को सुबह 10:43 बजे थाने में दी गई थी, लेकिन उसकी पावती उन्हें 15 दिन बाद दी गई। साथ ही, जो बयान उन्होंने पुलिस को दिया था, उसे पावती में दर्ज नहीं किया गया।



परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मृतका के माता-पिता की रिपोर्ट दर्ज करने से भी इंकार कर दिया और उन्हें थाने से भगा दिया गया।

पुलिस की उदासीनता से आहत होकर मृतका के भाई नवल सिंह परस्ते ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन थाना प्रभारी ने जांच का आश्वासन देकर शिकायत को बंद करा दिया। इसके बाद भी कोई ठोस जांच नहीं की गई और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। इससे नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने पुनः 15 दिन बाद समनापुर थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद समनापुर थाने से चार सदस्यीय टीम गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

परिजनों का कहना है कि घटना के पंद्रह दिन बीत जाने के बावजूद उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दी गई है जिससे यह आशंका और गहरी हो रही है कि पुलिस जानबूझकर मामले को दबा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस मामले में थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी का कहना है कि महिला को उल्टी आई थी और उसकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं दी जा सकी है। डॉक्टर के आने के बाद परिजनों को रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और जैसे ही तथ्य सामने आएंगे मामला स्पष्ट हो जाएगा।

## मैया अभियान के सदस्यों ने सरदार पटेल जयंती पर मां नर्मदा घाट की सफाई कर दी स्वच्छता का संदेश

**डिंडौरी ।** माँ नर्मदा के चरणों मे समर्पित मैया अभियान अंर्तगत रविवार प्रातः 7:00 से 9:00 तक इमली कुटी के आसपास घाट पर मैया अभियान के सदस्यों ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में साफ सफाई की। मैया अभियान के सदस्यों ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल एक साधारण किसान परिवार में जन्मे थे। बचपन से ही वह बहुत मेहनती, ईमानदार और आत्मनिर्भर थे। उन्होंने स्वाध्याय के बल पर कानून और आगे उन्होंने इंग्लैंड जा स्वतंत्रता आंदोलन स सम्मान पूरक सरदार की उपाधि दी। भारत का एकीकरण उनके द्वारा किया गया सरदार पटेल सादगी, ईमानदारी और सुधारक के प्रतीक थे। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देशहित सर्वोपरि होता है। इसी के तहत रविवार को मैया अभियान के सदस्यों ने इमली कुटी घाट में उनके जन्मदिवस के अवसर पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। पानीं से कूड़ा करकट इत्यादि को इकट्ठा कर एकता का संदेश दिया। बताया गया कि श्रद्धालु सुबह से शाम तक आस्था की डुबकी लगाते हैं। नर्मदा नदी के घाट में आसपास फैली गंदगी को मैया अभियान के सदस्यों ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रेरणा लेकर स्वच्छ किया। मैया अभियान के सदस्य निरंतर विगत तीन वर्षो से अभियान में जुड़े हैं। शांति धाम , इमली कुटी , शंकर घाट, डैम घाट भवतारिणी मंदिर , जोगी टिकरिया सहित अन्य नर्मदा घाटों में मैया अभियान के सदस्यों द्वारा जाकर मां नर्मदा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जाता है। प्रत्येक रविवार को प्रातः 7:00 बजे से 9:00 तक स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। बताया गया कि अम्बेडकर बस्ती एवं अस्पताल वाला नाला सीधे नर्मदा नदी में मिलता है, जिससे नर्मदा जी में भारी प्रदूषण होता है। मैया अभियान के सेवादारों ने झाड़ू, फावड़ा, तसला, गेती से घाटों में फैली प्लास्टिक पन्नियों, दूषित कपड़े , काँच की बोतल , डायपर को एकत्रित किया। इस दौरान एक गाड़ी प्रदूषित सामग्री उठाई गईं। मैया अभियान के सेवादारों ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि कम से कम एक दिन जरूर माँ नर्मदा की सेवा में एकजुट हो जाये। यही मैया की सच्ची सेवा है। नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक से डिंडौरी को प्रथम नगर का दर्जा दिया गया है। अतः सम्पूर्ण जिले के निवासियों का यह परम कर्तव्य है कि नर्मदा जल की निर्मलता को बनाये रखें एवं घाटों में स्वच्छता रखे। रविवार को आयोजित मैया अभियान में बाल सेवादार विवान प्रधान, डॉ संतोष परस्ते जिला आयुष अधिकारी, आरपी कुशवाहा नेहरू युवा केंद्र, शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित, प्राचार्य शाहिद खान, भागवत यादव, जगदीश सिंह, धर्मेंद्र चौहान जिला समन्यवयक जन अभियान परिषद, आरबी मिथिलेश प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर, विजय रजक, महेन्द्र सिंह उचेहरा, महाराणा प्रताप सिंह ने श्रम दान कर नियमित स्वच्छता सेवा का संकल्प लिया।



## रोजगार सहायकों का निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण सम्पन्न



**शहपुरा** – अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा के निर्देशानुसार आज दिनांक 02/11/2025 को उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में रोजगार सहायकों का निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2025 की तैयारी के तहत रोजगार सहायकों को निर्वाचन कार्यों की जिम्मेदारियों, दिशा-निर्देशों एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता, आचार संहिता पालन एवं समय पर कार्य पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया।

## अमरपुर के ढोल वीजा जंगल में पेड़ों की ताबड़तोड़ कटाई, वन विभाग बना मूकदर्शक

**डिंडोरी**

जिला डिंडोरी के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले वन ग्राम ढोल वीजा (पोस्ट जुनवानी) के जंगलों में इस समय पेड़ों की खुलेआम ताबड़तोड़ कटाई जारी है। पेड़ों के कटने की आवाजें दिन-रात गूंज रही हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि वन विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे बैठे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से लगातार ट्रैक्टरों और बैलगाड़ियों में लकड़ी की अवैध ढुलाई की जा रही है। जंगल में कीमती पेड़ बड़ी संख्या में काटे जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचना तो दूर, फोन तक नहीं उठाते। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग की मिलीभगत से यह अवैध कटाई धड़ल्ले से चल रही है। कई बार सूचना देने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जिससे वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।एक स्थानीय युवक ने बताया यहां हर रात पेड़ों की कटाई होती है, लेकिन अधिकारी जैसे आंख बंद करके बैठे हैं। ऐसा लगता है कि किसी को जंगल की चिंता ही नहीं है।



पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इस तरह की कटाई जारी रही, तो स्थानीय पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर भारी संकट खड़ा हो सकता है। लगातार हो रही पेड़ों की कमी से वर्षा चक्र, मिट्टी की गुणवत्ता और वन्यजीवों का आवास प्रभावित होगा। अब सवाल यह उठता है कि आखिर वन विभाग इतने गंभीर पर्यावरणीय अपराध पर मौन क्यों है? क्या यह विभागीय लापरवाही है या फिर अवैध कारोबारियों के साथ किसी प्रकार की सांठगांठ?डिंडोरी जिले का यह मामला अब सीधे तौर पर सरकार और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो यह पूरा वन क्षेत्र उजड़ जाएगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल बंजर भूमि बचेगी।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत डिंडौरी पुलिस की बड़ी सफलता 2 वर्ष 6 माह से लापता बालिका सकुशल बरामद

**डिंडौरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित विशेष अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के पालन में पुलिस अधीक्षक डिंडौरी श्रीमति वाहनी सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, महिला सुरक्षा डीएसपी पुरुषोत्तम मरावी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बजाग विवेक कुमार गौतम के मार्गदर्शन में एक बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। थाना प्रभारी समनापुर हरिशंकर तिवारी एवं चौकी अमरपुर पुलिस टीम ने अपराध क्रमांक 204/23 धारा 363 के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए 2 वर्ष 6 माह से लापता अपहर्ता बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने बालिका को अमरपुर क्षेत्र से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। इस कार्रवाई में अमरपुर चौकी प्रभारी अतुल हरदहा, आरक्षक हर्ष पटेल एवं पवन धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डिंडौरी पुलिस ने इस सफलता को ऑपरेशन मुस्कान की एक और उपलब्धि बताया हैं, जिससे जिले में गुमशुदा बच्चों की खोज में नई उम्मीद जगी हैं।

# भोलगढ़ के पास टायर फटने से पलटा डीजल पेट्रोल से भरा टैंकर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

शनिवार की रात करीब 8 बजे नेशनल हाईवे 43 शहडोल से कोतमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम पसला के पहले कोतमा की ओर जा रहे डीजल एवं पेट्रोल से भरा टैंकर एमपी 04 जीबी 0227 के अचानक टायर फटने से पलट गया और टैंकर में भरा डीजल बड़ी मात्रा में सड़क पर गिरकर बहने लगा। राष्ट्रीय रराजमार्ग से गुजर रहे नागरिक ने जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान जी को दी। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान स्वयं तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे जिनके साथ एस.डी.ओ.पी.अनूपपुर सुमित केरकट्टा, टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन एवं थाना कोतवाली तथा थाना यातायात के पुलिस बल की तत्परता पूर्वक कार्यवाही से बड़ी दुर्घटना टल गई। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के मौके पर उपस्थित होकर दिये गये निर्देशन में तत्काल दो फायर ब्रिगेड एवं दो हायड्रा क्रेन मौके पर पहुंचाई जाकर सावधानीपूर्वक डीजल - पेट्रोल के टैंकर को खड़ा किया जाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया एवं उक्त अवधि के लिए नेशनल हाईवे पर गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया गया, जिससे किसी प्रकार की कोई जन एवं धन हानि नही हो पाई। टैंकर के चालक चन्द्रभान ठाकुर पिता रामसिहं ठाकुर उम्र 21 साल निवासी ग्राम हरदुआ पानी थाना तेन्दूखेड़ा जिला दमोह के द्वारा बताया गया कि वह टैंकर को जबलपुर डिपो से लेकर कोतमा जा रहा था जो ग्राम भोलगढ़ के पास नेशनल हाईवे पर अचानक दो टायर फटने से टैंकर पलट गया जो ड्रायवर और क्लीनर ने टैंकर से कूदकर अपनी जान बचाई। टैंकर से तेजी से बड़ी मात्रा में डीजल सड़क पर गिरने लगा जो अनूपपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मदद दी जिससे कोई बड़ी दुर्घटना एवं आगजनी नहीं हो सकी।



## थानगांव में अवैध शिकार के पहले ही धरे गये पांच शिकारी

# छत्तीसगढ़ से भी आये थे आरोपी, वन विभाग ने जप्त की सामग्री, भेजे गये जेल



**अनूपपुर।** बिजुरी वन परिक्षेत्र के वनविभाग द्वारा थानगांव में जंगल के मध्य वन्यजीवों के अवैध शिकार के उद्देश्य से जीआई तार के माध्यम से फैलाए गए जाल की सूचना मिलने पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सामग्री जप्त की है पांचो आरोपी न्यायालय के आदेश पर जेल भेजे गए। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी बिजुरी पवन कुमार ताम्रकार ने बताया कि वन परिक्षेत्र बिजुरी अंतर्गत थानगांव बीट के ग्राम थानगांव अंतर्गत डोंगरीटोला में गांव के किनारे स्थित ट्रांसफार्मर से लेकर वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ 521 के मुनारा क्रमांक 74 से होकर गुप्ता प्रसाद कोल के खेत तक अज्ञात आरोपियों द्वारा जीआई तार में लकड़ी की खूंटी एवं कांच की बोतले बांधकर अवैध रूप से वन प्राणियों के शिकार के उद्देश्य जाल फैलाया रहा है जिसकी सूचना मिलने पर आकस्मिक स्थल निरीक्षण दौरान पांच आरोपियों को डांग स्कार्ट शहडोल एवं स्थानीय सूत्रों की मदद से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है, अवैध शिकार के प्रयास में पड़ोस के छत्तीसगढ़ राज्य के भी आरोपी सम्मिलित रहे। इस क्षेत्र में तेंदुआ, भालू, जंगली सुअर के साथ कई वन्यप्राणी विचरण करते हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पूर्व में भी आरोपियों द्वारा जीआई तार का जाल बिछा कर बिजली करंट के माध्यम से वन्यप्राणियों के शिकार की कोशिश की गई रही। आरोपियों में शुभ सिंह उर्फ लल्ला पिता राय सिंह 25 वर्ष,बुद्धसेन सिंह उर्फ भोलू पिता नवल सिंह गोंड 23 वर्ष दोनों निवासी डोंगरीटोला थाना बिजुरी, विजेंद्र सिंह पिता हरमंगल सिंह गोंड 45 वर्ष, महादेव सिंह उर्फ बिट्टू पिता बिरझू 21 वर्ष एवं संतोष सिंह पिता मोहरशाय सिंह 36 वर्ष सभी निवासी खोचापारा (मुक्तियारपारा) थाना पोंडी (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर इनके पास से अवैध शिकार के प्रयास के लिए लगाए गए आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत वन अपराध दर्ज किया जाकर आरोपियों के पास से जीआई तार, खूंटी एवं कांच की शीशिया बरामद की गई है। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिए जाने पर उपवन मंडलाधिकारी अनूपपुर प्रीतेश राव पखाले के निर्देशन में कार्रवाई की गई गिरफ्तार किए गए आरोपियों को कोतमा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने पर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया। कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक बिजुरी सतीश कुमार बैगा,वनरक्षक सुनील बैगा,आशीष द्विवेदी, सुनीता मसराम, साधना सिंह, अनिल केवट के साथ सुरक्षा श्रमिक मदन यादव, राघवेंद्र सिंह, ददन यादव की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## बदरा मे तेज रफ्तार मारुति और बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।**

शनिवार शाम 7 बजे के आसपास अनूपपुर तरफ से आ रही तेज मारुति कर ने बाइक सवार रूपेश साहू उम्र 45 वर्ष निवासी भालूमाड़ा को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर बाइक सवार की सर में गंभीर चोट लगने कारण मृत्यु हो गई। घटना के बाद सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई जिस घर वालों को सूचित करके बुलाया गया एवं पुलिस भालूमाड़ा थाना द्वारा जांच शुरू कर दी गई। स्थानीय निवासी द्वारा बताया गया कि जमुना गेट से लेकर श्रमिक नगर तक आवास एवं दुकान बने हुए हैं जिससे लोगों की भीड़ बनी रहती हैं और घर की मवेशी रोड पर आती-जाते रहते हैं ऐसी घटनाएं दिन-ब-दिन छुटपुट घटनाएं होती जा रही हैं डिवाइडर रोड के बारे में कई बार बोला गया परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया जबकि जमुना गेट से श्रमिक नगर तक डिवाइडर रोड की बहुत ही आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार 3 नवंबर को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनु. जाति जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवास सहायता योजना, पीएम जन मन एवं पीएम धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत समीक्षा की जाएगी। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों से पीएम जन मन, पीएम धरती आबा अभियान एवं छात्रवृत्ति से संबंधित समस्त जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा है।

### नहीं रहे पत्रकार लालची धामेचा



**नरसिंहपुर।** गत दिवस लंबी बीमारी के चलते जिले वरिष्ठ पत्रकार लालची धामेचा निधन हो गया। श्री धामेचा द्वारा जीवित रहते हुए अपनी देह को दान कर दिया था। आप निखिल धामेचा के पिता थे।

### गोविंद प्रसाद नेमा का निधन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय बांसकुवारी वायपास निवासी गोविंद प्रसाद नेमा का निधन हो गया। आप रीतेश नेमा के पिताजी एवं मधु नेमा के बड़े भाई थे। जिनका अंतिम संस्कार नकटुआ मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### पुलिस द्वारा ध्यान शिविर का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के मार्गदर्शन में पुलिस लाईन, नरसिंहपुर एक ध्यान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को आंतरिक शांति, मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक राजेश व्यास, नरेन्द्र बरखेडकर ने उपस्थित लोगों को ध्यान की तकनीकें सिखाईं और बताया कि नियमित ध्यान से व्यक्ति तनावमुक्त रह सकता है तथा जीवन में संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक मनोरमा बघेल, थाना प्रभारी स्टेशनगंज निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, सूबेदार, प्रियंक सराठिया, लाखन बघेल सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धूमधाम से भगवान शालिग्राम की निकाली बारात



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस सम्पूर्ण जिले मे देवउठनी एकादशी के पर्व की धूम रही देव उठनी एकादशी पर जगह - जगह तुलसी विवाह कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी क्रम में शारदा निकेतन स्कूल के संचालक अजीत पाठक द्वारा तुलसी विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय नागरिकों के साथ धूमधाम से तुलसी विवाह किया गया। राजमार्ग चौराहे से बारात निकाली गई और स्कूल परिसर पर तुलसी विवाह कार्यक्रम किया गया।

### भव्य मढ़ई मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**नरसिंहपुर।** स्थानीय गुलाब चैराहे पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवउठनी ग्यारस पर भव्य मढ़ई मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मढ़ई मेले का शुभारंभ माता चंडी के पूजन के साथ विधिविधान से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल शामिल हुए। इस दौरान प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान पुरस्कार प्राप्त करने वालों में थाना कोतवाली टीआई गौरव चाटे, पत्रकार बालमुकुंद विनोद कोरी, पीयूष दीक्षित, संजय राय, यूनिटी खो-खो क्लब, आनंद पटेल जीपीएफडी अकेडमी, पशु उपचार संदीप पटेल, प्रवेश लोधी, नंदराम उस्ताद अखाड़ा, अहीर नृत्य ग्रुप बचई को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आये यादव समाज के लोगों द्वारा

## अव्यवस्था व अतिक्रमण का शिकार हो रहा लोक सेवा केंद्र

# शाम होते ही सजती है शराबियों की महफिल






हरिभूमि
दलाली का अड्डा बने ऑनलाइन काउंटर, हितग्राही परेशान
अतिक्रमण व गंदगी का केंद्र बन रहा लोक सेवा केंद्र

### पार्किंग की जगह पर ठेकेदारों का अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

प्रशासन की नाक के नीचे अतिक्रमण व गंदगी का आलम बना रहता है जिस ओर प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जाता है और ऐसे में गंदगी व अतिक्रमण से शासकीय कार्यालय भी प्रभावित है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय के शासकीय कार्यालय से सामने आया जहां पर गंदगी व अतिक्रमण तथा दलाल प्रभावशाली होते जा रहे है। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय में जनपद पंचायत कार्यालय के बाजू में लोगों को बेहतर सुविधाएं दिये जाने को लेकर सरकार द्वारा लोक सेवा केन्द्र खोला गया है। लेकिन वर्तमान स्थिति को देखना पर ऐसा प्रतीत होता है कि लोक सेवा केन्द्र लोगों को बेहतर सेवाओं के लिए बनाया तो गया है परन्तु वह खुद अव्यवस्था का शिकार है।

### शाम को सजती है महफिल फैलाते है गंदगी

सरकार द्वारा लोगों को सुविधा देने के लिए बनाया गए लोक सेवा केन्द्र के आसपास शाम ढलते ही वह शराबियों का अड्डा बन जाता है। वही पास में लगी मांस की दुकान से अन्य सुविधाएं भी शराबियों को मिल जाती है। जिससे लोक सेवा केन्द्र के आसपास शराबी नशे मे धुत होकर निकलते है और अपने नशे के अवशेष वही छोड़ जाते है जिससे गंदगी फैलती है। वही मांस के विक्रेता भी मुनाफा कमाने के चक्कर मे नियम कानून को आड़े हाथ लेते है। नियम अनुसार लोक सेवा केन्द्र के सामने शासकीय रेस्ट हाउस है तथा परिसर में मंदिर भी बना हुआ है स्थानीय लोग भी भजन पूजन करते है। मांस की दुकान से आगे सौ कदम दूर मंदिर व पीछे सौ कदम दूर लोक सेवा केन्द्र है और मांस का विक्रय हो रहा है प्रशासन को चाहिए की शीघ्र कार्रवाई कर मांस दुकान तथा अवैध आनलाइन दुकान व अतिक्रमण हटाए।

### प्रशासन करे ठोस कार्रवाई

लोक सेवा केंद्र के आसपास शराब की बोतलें, पॉलिथीन और डिस्पोजल गिलास आम दृश्य बन चुके हैं। दीवारों के पास टूटी बोतलें, फैली हुई दुर्गंध और नशे में धुत लोगों के झगड़े इस क्षेत्र की दिनचर्या बन गए हैं। अंधेरा बढ़ते ही शराबी युवकों के समूह यहाँ बैठकर हंगामा करते हैं। इससे महिला हितग्राहियों और आसपास के दुकानदारों में भय का माहौल रहता है। कई बार राहगीरों के साथ बदसलूकी की घटनाएं भी सामने आई हैं, परंतु पुलिस गश्त न के बराबर है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो यह क्षेत्र जल्द ही असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन सकता है। शराबियों द्वारा फैलाई जाने वाली गंदगी से मच्छर भी उत्पन्न होते है। वही ठेकेदारों द्वारा अपनी मशीन व अन्य वाहनों को कार्यालय के आसपास पार्किंग जगह पर खड़ा किया जाता है। जिससे आने वाले लोगों के लिए पार्किंग करने के लिए जगह नही रहती है। शेष जगह पर आनलाइन दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है प्रशासन ठोस कार्रवाई करे। ठेकेदारों से भी राजस्व की वसूली करे।

### दलाल व दुकानदार कर रहे लूट

लोक सेवा केंद्र का मूल उद्देश्य है जनता के सरकारी कार्यों को सरल, पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराना। परंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल विपरीत है। केंद्र के आसपास मौजूद तथाकथित ऑनलाइन सेवा केंद्रों ने सरकारी कामों में दलाली का नया रूप गढ़ लिया है। ये दुकाने अब खुलेआम इस बात का दावा करती हैं कि हमारे जरिए काम जल्दी हो जाएगा। हितग्राहियों से 300 से 1000 रुपए तक लूट जा रहे हैं, जबकि यही कार्य शुल्क मुक्त या न्यूनतम दर पर लोक सेवा केंद्र के अंदर होता है। जनता की सेवा के नाम पर अब यहाँ स्थित ऑनलाइन फोटो कॉपी की दुकानों के जरिये खुलेआम व्यापार चल रहा है। जो नागरिक सीधे आवेदन करने आते हैं, उन्हें केंद्र के बाहर ही दलालो द्वारा रोक लिया जाता है, इसका सबसे ज्यादा शिकार ग्रामीण भोले भाले लोग हो रहे है। यह स्थिति लोक सेवा केंद्र की मूल भावना के विपरीत है। प्रशासन द्वारा जांच कर ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए।

### इनका कहना है

लोक सेवा केन्द्र के आसपास फैली गंदगी व अव्यवस्था को लेकर मेरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई है। जिसे लेकर नोटिस जारी किए जा रहे है।

**सौरभ चौबे**
**प्रबंधक लोक सेवा**

## देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर संकट मोचन मंदिर में दीपक सराठे द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन



**गोटेगांव**

जय जय श्री हरि, जय जय श्री नारायणश्रीधाम -श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती *पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ *दीपक सराठे* के जन्मदिवस पर पूजन अर्चन किया गया अंजनीसुत को खोबे की जलेबी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5वर्षों से भी अधिक समय से एवं 307वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें पप्पू सोनी, धर्मेंद्र चौबे, सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुईतत्पश्चात दीपक भाई के जन्मोत्सव पर समिति के सभी सदस्यों के द्वारा तिलक रोरी चंदन बंदन फूलमाला से स्वागत किया एवं हनुमान जी महाराज से श्री चरणों में उज्जवल भविष्य की कामना निवेदित की गईइस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति बद्री चौकसे,नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे मयंक शर्मा दीपक सोनी नीरज नेमा मुकेश सोनी मुकेश ठाकुर आशीष साहू कैलाश गुप्ता मनीष साहू निहाल अग्रवाल मुकेश चढार विनोद साहू विमलेश राय अभिषेक सोनी नारायण सोनी अमरनाथ विश्वकर्मा ब्रजेश श्रीवास्तव नीलेश नामदेव बटुक सेवक अक्षत सराठे, अनुज ठाकुर ऋषि विश्वकर्मा, अभिनंदन अग्रवाल मातृशक्ति से अहिल्या श्रीवास्तव स्नेहलता श्रीवास्तव मंजुला गुप्ता गीता पचौरी निशा पचौरी नंदिनी जौहरी संगीता चौबे भारती पटेल सारिका अग्रवाल प्रीति पचौरी रानू विश्वकर्मा अनिता साहू लीलावती पटेल एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थित रही

## किसान संघ की बैठक सम्पन्न, आज सौंपेंगे ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस भारतीय किसान संघ की जिला बैठक समृद्धि इंटरप्राइजेज नरसिंहपुर में सम्पन्न हुई। भारतीय किसान संघ ने जिला बैठक कर किसानों कि समस्याओं को किया चिंतन एवं विचार विमर्श लगातार प्रशासन को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है परंतु समस्याओं के निराकरण हेतु कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं सोयाबीन का सर्वे नहीं कराया गया है जबकि प्रभारी मंत्री एवं सांसद जी को ज्ञापन सौंपा था जिसमें उन्होंने कहा था कल से सर्वे कराया जाएगा परंतु नहीं कराया गया जिस पर भारतीय किसान संघ ने नाराजगी जताई सर्वसम्मति से 17 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर किसान संघ ट्रैक्टर रैली किसान शंखनाद करेगा जिसमें 500 टेक्टर रहेंगे । बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष राय ने गौपाषमी पूजन का वृत लिया एवं तहसीलवार किसानों की समस्याओं की जानकारी ली प्रांत उपाध्यक्ष नारायण सिंह पटेल ने किसान शंखनाद रैली की तैयारी की जानकारी से अवगत कराया प्रात मंत्री स्वदेश कोठारी एवं अनिरुद्ध पटेल संभागीय अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी ने यात्रा का रूट की जानकारी दी जो बलराम चैराहे मंडी से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा

## स्वास्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया



**गोटेगांव**

विगतदिवस इंदौर में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें गोटेगांव समीपवर्ती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्रा 11वीं की छात्रा कुमारी स्वास्ति जैन मानु ने शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन एवं अपने माता-पिता एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया ! छात्रा स्वास्ति जैन अब आगे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल प्रतियोगिता में शूटिंग हेतु भाग लेंगी ! छात्रा गोटेगांव हरदौल वार्ड निवासी किसानी मोहल्ला पिता राजीव जैन उर्फ टीनू श्रीमती वर्षा जैन की बेटी एवं शिक्षक राहुल रंजन जैन की भतीजी है ! छात्रा की इस उपलब्धि पर परिवार जनों एवं विद्यालय परिवार व उनके शुभचिंतकों सहित समस्त नगर जैन समुदाय ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है !

## खुली रेलिंग के बीच पुल पर चौपाओं का डेरा

### भारी और छोटे वाहनों को निकलने में हो रही परेशानी





**तेंदूखेड़ा**

आये दिन निराश्रित मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना या फिर स्वयं मवेशियों को रौंदे जाने की खबरें अक्सर देखने सुनने को मिल ही जाती है।ऐसा ही एक और उदाहरण गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर देखनें को मिलता है। जहां पुण्य सलिला मां नर्मदा के पुल ककरा घाट पर बरसात को दृष्टिगत रखते हुए पुल में लगीं रेलिंगों को अलग कर दिया गया था। लेकिन इस पुल पर बड़ी संख्या में निराश्रित मवेशियों का डेरा मुसीबत का बायस बना हुआ है । विशेष रूप से रात्रि के समय भारी बाहनों की आवाजाही के बीच छोटे छोटे बाहनों को निकलने में परेशानी हुआ करती है। मवेशियों के बीच खुली रेलिंग के चलते छोटे छोटे बाहनों को निकलने में गिरने की अशंका या मवेशियों को गिरने का डर लगा रहता है।बाहन चालकों को पीछे बिठाकर ले जाने वाले लोगों को पहले बाहन रोककर नीचे उतारना पड़ता है फिर कहीं निकलना हो पाता है।इस समस्या को देखते हुए पहले इन मवेशियों को पुल से दूर रखने की पहली जरूरत है।साथ ही साथ पुल पर जहां तहां बड़े बड़े गड्ढे निकल आये है।उनकी मरम्मत भी जरूरी हो गई है।छोटे बाहन चालकों को रात्रि के अंधेरे में परेशानी हुआ करती है।

## एकादशी पर महा आरती



**गोटेगांव**

देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर,माँ मेकलसुता ग्रुप, झांसीघाट द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली महा आरती मेंमाँ नर्मदा युवा सेवा संगठन, झांसीघाट के सभी सदस्यों ने प्रेमपूर्वक सहभागिता निभाई।मां नर्मदा युवा सेवा संगठन झांसीघाट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी2100 दीपों का भव्य प्रज्वलित कार्यक्रम संपन्न हुआ।एक ओर माँ मेकलसुता ग्रुप नित्य महाआरती से माँ नर्मदा के जयघोष को गुंजायमान रखता है,तो वहीं माँ नर्मदा युवा सेवा संगठन प्रत्येक रविवार को घाट की साफ-सफाई एवं सेवा कार्य करते हुएहम सबके भीतर स्वच्छता और श्रद्धा का संदेश प्रसारित करता है।आज का आयोजन दोनों समूहों की एकता, भक्ति और सेवा भावना का अद्भुत प्रतीक रहा।हम दोनों समूहों के सभी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं,जिनके सहयोग से झांसीघाट आज दीपों से आलोकित और भक्ति से पवित्र हुआ।

## मुनि संघ का पदार्पण आज





**तेंदूखेड़ा** आगामी 9 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच नगर में श्री मज्जिनेंद्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्यापुरी तेंदूखेड़ा जिसकी प्रारंभिक तैयारियां भी युद्ध स्तर पर जारी है। तैयारियों की दृष्टि से पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर महाराज के परम शिष्य श्रमण मुनि श्री 108 साक्ष्यसागर महाराज श्रमण मुनि 108 निवृत्तसागर महाराज का आज तेंदूखेड़ा में पदार्पण हो रहा है। दिगम्बर जैन समाज और नगर के सभी वर्गों के लोगों द्वारा जोरदार अगवानी की जायेगी।इस पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन कलश गार्डन के सामने तरफ मोदी परिवार की जमीन पर किया जा रहा है। इस पुण्य भूमी का पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ने अयोध्यापुरी के नाम से नामकरण किया है।

## दामिनी माइंस के वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र सिंह तोमर के सेवानिवृत्ति होने पर दी गई भावपूर्ण विदाई

### साल श्री फल एवं पुष्प माला से किया गया स्वागत, साथियों ने उनके अनुभवों को किया साझा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



कोयला उद्योग में तीन दशक से अधिक सेवाएं देने वाले एसईसीएल सुहागपुर क्षेत्र की दामिनी माइंस में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र सिंह तोमर के 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत्ति होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उनके सेवाकल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्री तोमर ने हमेशा अपने कौशल से उद्योग को सशक्त करने और अधीनस्थों को सहज व सरल स्वभाव के साथ कार्य क्षेत्र में तटस्थ रहने का जो मार्गदर्शन दिया वह अतुलनीय रहेगा। विदाई समारोह में उनके समधि कमलेश सिंह चंदेल के साथ पहुंचे उनके बड़े भाई अनूपपुर जिले के वरिष्ठ समाज सेवी व शिक्षाविद जितेंद्र सिंह ने कहां की किसी भी विभाग में अपने जीवन का वह अमूल्य समय देकर उसे सशक्त करना व्यक्ति के स्वभाव पर निर्भर करता है और वही स्वभाव समाज एवं कार्य क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक होता है रविंद्र सिंह तोमर ने एसईसीएल में उन कठिन परिस्थितियों के समय कोयला उद्योग में सेवाएं प्रारंभ की जब संसाधनों की कमी थी और उत्पादन के लक्ष्य को पूर्ण करना संभव नहीं होता था लेकिन अपनी कार्य कुशलता की बदौलत प्रबंधन से मिली जिम्मेदारी का उन्होंने बखूबी निर्वहन किया आज सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके साथियों ने जो सम्मान दिया है

## शासकीय स्कूलों में आज से शुरू होंगी अर्धवार्षिक परीक्षाएं

**तेंदूखेड़ा** बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर में सुधार लाने के लिए शासन द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। शिक्षा विभाग के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आज 3 नवंबर से सभी शासकीय हाईस्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही हैं। जो 18 नवंबर तक दो पालियों में संचालित की जाएगी। विगत दिवस शनिवार को विकासखंड स्तर से सभी शासकीय स्कूलों को प्रश्न पत्र और आवश्यक गोपनीय सामग्री का वितरण कर दिया गया है। जिसकी पेटियां नजदीकी थाना चौकी में जमा कर दी गई है।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटे पूर्व संबंधित थाने से प्रश्न पत्रों का वितरण सभी स्कूलों को किया जाएगा। प्रथम पाली में कक्षा 9 एवं 10वीं तथा दोपहर के समय कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर संस्थाओं द्वारा ली जाएगी।